भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1306
दिनांक 03.07.2019/12 आषाढ़, 1941 (शक) को उत्तर के लिए

सशस्त्र सीमा बल में महिला बल

†1306. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि बिहार की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में पर्याप्त संख्या में महिला बल नहीं हैं;
(ख) क्या यह भी सच है कि अन्तरर्राष्ट्रीय सीमा पर आवागमन करने वाली महिलाओं की जांच-पड़ताल पुरुष बल द्वारा की जाती है, जिसके कारण वे असहज महसूस करती हैं; और
(ग) यदि हां, तो क्या सरकार सशस्त्र सीमा बल में कार्य स्थल पर पर्याप्त संख्या में महिला बल की तैनाती को सुनिश्चित करेगी, ताकि महिला यात्रियों को असहज स्थिति का सामना न करना पड़े?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) से (ग): सशस्त्र सीमा बल ने बिहार में भारत-नेपाल सीमा पर पर्याप्त संख्या में महिला कार्मिक तैनात किये हैं। अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार करने वाली महिला यात्रियों की जांच और तलाशी एसएसबी की महिला कार्मिकों द्वारा की जाती है। किसी स्थान विशेष पर महिला कार्मिक उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में निकट की सीमा चौकियों से महिला कार्मिक की तैनाती की जाती है।

*****